रविवार
29 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
- सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
- कंप्यूटर क्लास

वर्ष 2, अंक 55 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## नालंदा के वीर सूबेदार सुमन कुमार सिंह का निधन, मुकरामपुर गांव में शोक की लहर



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत ममुराबाद पंचायत के मुकरामपुर गांव के वीर सैनिक, सूबेदार सुमन कुमार सिंह का निधन हो गया। वे लेह–सियाचिन की दुर्गम पहाड़ियों में देश की सेवा में तैनात थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव मुकरामपुर पहुंचा तो पूरा इलाका "सुमन सिंह अमर रहें" के नारों से गूंज उठा। नम आंखों से परिजनों, ग्रामीणों और साथी जवानों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

परिजनों और सहकर्मियों के अनुसार सूबेदार सुमन कुमार सिंह एक ईमानदार, अनुशासित और कर्मठ सैनिक थे। वे लंबे समय से भारतीय सेना में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे थे। लेह के अत्यंत कठिन और प्रतिकूल मौसम में ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बताया जाता है कि उन्हें पहले पीलिया की शिकायत हुई, जो धीरे-धीरे गंभीर रूप लेते हुए पैरालिसिस और बाद में ब्लड कैंसर में बदल गई।

स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सेना के कमांड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने लगातार उनका इलाज किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार और पूरे गांव में मातम छा गया।

शनिवार को जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सूबेदार सुमन कुमार सिंह ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना जीवन समर्पित किया। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में शहीद के परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें मिलने वाली सभी सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

शहीद के चचेरे भाई, जो स्वयं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में उपनिरीक्षक हैं, ने बताया कि सुमन कुमार सिंह करीब एक माह पहले ही लेह से उत्तर प्रदेश के बबीना स्थानांतरित हुए थे, जहां उनकी बीमारी का पता चला। उन्होंने भावुक होकर कहा कि परिवार चाहता है कि गांव या आसपास के क्षेत्र में उनकी स्मृति में एक शहीद स्थल या यात्री शेड का निर्माण कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनकी वीरता और देशभक्ति से प्रेरणा ले सकें।

### दुर्गम पहाड़ियों में देश सेवा के दौरान बिगड़ी तबीयत, अंतिम विदाई में गूंजे 'सुमन सिंह अमर रहें' के नारे



परिवार की स्थिति भी काफी भावुक कर देने वाली है। सुमन कुमार सिंह दो भाई थे। उनके पिता स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह का निधन लगभग छह माह पहले बीमारी के कारण हो गया था। उनकी 70 वर्षीय माता चिंता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी नीलम सिंह भी गहरे सदमे में हैं। उनके परिवार में दो पुत्रियां सलोनी (20 वर्ष) और स्नेहा (18 वर्ष) तथा दो पुत्र अंश राज (14 वर्ष) और यश राज (12 वर्ष) हैं। उनके बड़े पुत्र अंश राज ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।


नालंदा जिला मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष अरविंद यादव ने सूबेदार सुमन कुमार सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करते हुए दिया गया उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि शहीद के परिवार को सभी सरकारी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं तथा बिहारशरीफ में उनके नाम पर एक भव्य स्मारक और प्रतिमा स्थापित की जाए।

शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रणधीर सिंह, जितेंद्र सिंह, पवन सिंह, चंदन कुमार, नीतीश कुमार, निकी कुमार, मुरारी सुमन, धर्मेंद्र सिंह, सुवोध सिंह, श्याम सिंह, विपुल सिंह तथा तारणी सिंह सहित कई स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त करते हुए शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

सूबेदार सुमन कुमार सिंह का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और देश के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनकी देशभक्ति और सेवा की भावना हमेशा लोगों को प्रेरित करती रहेगी।

## थरथरी बाजार में बदमाशों का तांडव, साइबर कैफे में मारपीट फायरिंग से दहशत





थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी बाजार में शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब बाइक सवार आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने मध्य बिहार ग्रामीण बैंक परिसर में स्थित एक साइबर कैफे में घुसकर जमकर मारपीट, तोड़फोड़ और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से पूरे बाजार में दहशत का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

जानकारी के अनुसार सभी बदमाश बाइक पर सवार होकर थरथरी बाजार पहुंचे और सीधे मध्य बिहार ग्रामीण बैंक परिसर में घुस गए। वहां स्थित अविनाश साइबर कैफे में घुसकर बदमाशों ने कैफे संचालक हरेराम कुमार के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया। बदमाशों ने दुकान में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर समेत अन्य सामानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में करीब 50 हजार रुपये की क्षति होने की बात कही जा रही है।

शनिवार होने के कारण बैंक और ग्राहक सेवा केंद्र बंद था, जिससे वहां भीड़ कम थी। साइबर कैफे में तोड़फोड़ के बाद बदमाशों ने पास में स्थित श्री सिया मेंस पार्लर के संचालक रोहित कुमार और रौकी कुमार के साथ भी मारपीट की।

पीड़ित कैफे संचालक हरेराम कुमार ने बताया कि 24 मार्च को गैस सिलेंडर लेने के दौरान हुए विवाद को लेकर ही बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान बदमाश उन्हें गोली मारने की धमकी भी दे रहे थे और कह रहे थे कि "इसे गोली मार दो।"

घटना के बाद बदमाश लाठी-डंडा और कट्टा लहराते हुए अपाची बाइक और बुलेट से भाग निकले। स्थानीय लोगों के अनुसार बदमाशों ने बाजार में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। इसके बाद वे मुहाने नदी पार कर अलंग के रास्ते अदलचक की ओर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही थरथरी थानाध्यक्ष साजिद अख्तर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बदमाशों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राजगीर में पांच अप्रैल को होगी आरएमपी राज्य स्तरीय सम्मेलन, तैयारी बैठक संपन्न



संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जन जीवन संघ कार्यालय में शनिवार को ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर उपस्थित रहे और आगामी राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने बताया कि आरएमपी का राज्य स्तरीय सम्मेलन आगामी 5 अप्रैल को राजगीर के सरस्वती भवन में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में नालंदा, नवादा, गया, जहानाबाद, शेखपुरा और पटना सहित कई जिलों के लगभग 500 ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान पटना के कैंसर सर्जन डॉ. नवीन कुमार सहित बिहारशरीफ के कई विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। वे ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों को विभिन्न गंभीर बीमारियों की पहचान और प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी देंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाया जा सके। साथ ही संघ द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर सेवा कार्य करने वाले आरएमपी चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सम्मेलन का उद्घाटन पटना के कैंसर सर्जन डॉ. नवीन कुमार द्वारा किया जाएगा। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही नालंदा के लोकप्रिय सांसद कौशलेंद्र कुमार की उपस्थिति भी प्रस्तावित है।

बैठक में संघ के सचिव डॉ. संजय कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. कुंदन कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, देवेंद्र प्रसाद और आशा सिंह सहित सैकड़ों आरएमपी सदस्य उपस्थित थे। अंत में संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101110252504320O0
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# केंद्रीय विद्यालय हरनौत में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों ने बढ़ाया विद्यालय का मान




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित हरेका परिसर में संचालित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरनौत में शनिवार को कक्षा 2 से 9 एवं 11वीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा 6 में विनायक और साहिल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सपना रानी द्वितीय और समृद्धि तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 7 में रितिका समृद्धि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रितु राज द्वितीय और शौर्य रवि तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 8 में सोनाक्षी गुप्ता ने प्रथम, राधा ने द्वितीय तथा सान्वी ने तृतीय स्थान हासिल किया।कक्षा 9 के परिणाम में आयुष राज ने प्रथम स्थान प्राप्तकिया, समर कुमार द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि खुशी ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा 11वीं के परिणाम में संजना कुमारी प्रथम, अस्मिता कुमारी द्वितीय तथा मोहम्मद राफे तृतीय स्थान पर रहे।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र को लेकर 30 मार्च 2026 को नामांकन मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अभिभावकों को नामांकन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी जाएगी। कक्षा 1 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। वहीं कक्षा 2 से 8 तक के लिए 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक ऑफलाइन आवेदन फॉर्म विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।विद्यालय के प्राचार्य सी.बी. कुमार ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय का पालन करते हुए अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।










# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




### Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578   www.kalopehomes.com   Patna, Bihar

# बिहारशरीफ नगर निगम का 2026-27 का बजट पारित, विकास योजनाओं पर जोर




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक शनिवार को महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर श्रीमती आईशा शाहीन, नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त शक्स रजा, पार्षदगण तथा निगम के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। बजट के अनुसार प्रारंभिक शेष राशि 2,45,81,65,568 रुपये आंकी गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में 1,78,87,07,000 रुपये की अनुमानित आय के साथ कुल अनुमानित आय 4,24,68,72,568 रुपये रहने का अनुमान है। वहीं 2,06,87,45,000 रुपये के अनुमानित व्यय के बाद अंतिम शेष राशि 2,17,81,27,568 रुपये रहने का अनुमान जताया गया है।

बैठक में पार्षदों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नगर निगम क्षेत्र में जिन मकानों से प्रोपर्टी टैक्स की वसूली नहीं हो रही है, उनका सर्वे कराकर होल्डिंग निर्धारण करते हुए टैक्स वसूली सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ट्रेड लाइसेंस की शत-प्रतिशत वसूली, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र समय पर निर्गत करने तथा असर्वेक्षित भूमि पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार से मार्गदर्शन लेने का प्रस्ताव रखा गया।

इसके अलावा शहर में इधर-उधर कचरा फेंकने वालों पर दंड लगाने, शवदाह गृह के संचालन के लिए नीति बनाने, कबीर अंत्येष्टि योजना की राशि समय पर भुगतान करने तथा खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए सभी वार्डों में क्रिकेट और बैडमिंटन टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया गया।

साथ ही नगर निगम द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। अंत में सदस्यों ने सर्वसम्मति से बजट को ध्वनिमत से पारित कर दिया

# चंडी नगर पंचायत के 84.22 करोड़ के बजट को सशक्त समिति की मंजूरी, विकास योजनाओं पर जोर



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नगर पंचायत चंडी के सभागार कक्ष में शनिवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद मनोज कुमार ने की। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र के विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 84 करोड़ 22 लाख रुपये के बजट प्रस्ताव को समिति की मंजूरी दे दी गई।

बैठक में बताया गया कि अब इस बजट को नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। बोर्ड की स्वीकृति मिलने के बाद विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि नगर पंचायत की आय के विभिन्न स्रोतों को ध्यान में रखते हुए बजट का प्रारूप तैयार किया गया है। प्रस्तावित बजट में होल्डिंग टैक्स से 63 लाख रुपये तथा स्टांप ड्यूटी से 92 लाख 40 हजार रुपये की आय का अनुमान रखा गया है।

उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत बस स्टैंड, अशोक भवन और मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए कुल 6 करोड़ 82 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना, नाली-गली निर्माण तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर भी सहमति बनी है।


डॉ. अनूपा कुमारी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर नागरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। बोर्ड से अंतिम स्वीकृति मिलते ही सभी योजनाओं पर तेजी से काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के सहयोग से नगर पंचायत का समुचित विकास सुनिश्चित होगा।












# अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रदर्शन, पांच सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, नालंदा के बैनर तले शनिवार को कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला पदाधिकारी के माध्यम से बिहार सरकार के मुख्य सचिव, पटना को सौंपा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष जयवर्धन और कोषाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि राज्यभर में राजस्व कर्मचारी अपनी वाजिब मांगों को लेकर 11 फरवरी से सामूहिक अवकाश पर हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में भी राजस्व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर राज्यव्यापी हड़ताल पर गए थे। उस दौरान 02 जून 2025 को संघ के प्रतिनिधिमंडल और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के बीच वार्ता हुई थी, जिसमें 15 बिंदुओं पर सहमति बनी थी। लेकिन खेद की बात है कि अब तक उन सहमतियोंका क्रियान्वयन नहीं किया गया, जिसके कारण कर्मचारी पुनः सामूहिक अवकाश पर जाने को मजबूर हुए हैं।

महासंघ के जिलामंत्री संजय कुमार ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं और महासंघ इसका पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने मांग की कि 02 जून 2025 को संयुक्त मोर्चे के साथ हुए समझौते को तत्काल लागू किया जाए।

साथ ही विभिन्न संवर्गों के ग्रेड वेतन में सुधार, कालावधि आधारित प्रोन्नति व्यवस्था का सभी विभागों में पालन, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एनएचएम कर्मियों के वर्ष 2024 के आंदोलन अवधि का वेतन भुगतान तथा चालू वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों के बकाया वेतन पर लगी रोक हटाकर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

प्रदर्शन में प्रभाकर, सुशील कुमार निराला, ज्योति सिंह, सोमनाथ, रामप्रताप सिंह, चंदन कुमार, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, पुष्पराज, रिंटू कुमार, शौकत, राजेश कुमार, मनोज कुमार, अनंत कुमार और मनीष कुमार सहित कई कर्मचारी शामिल हुए।












# प्राथमिक विद्यालय हंसेपुर में बाल मेले का आयोजन, खेल-खेल में सीखने पर जोर




थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय हंसेपुर के प्रांगण में शनिवार को 'सपोर्ट फ्री प्राइमरी' कार्यक्रम के तहत बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की चहचहाहट और उत्साह से गुलजार रहा।

बाल मेले के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना और उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करना था।

प्रधानाध्यापक अजीत कुमार ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में यदि बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से पढ़ाया जाए तो उनकी बुनियाद मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही इससे बच्चों में आत्मविश्वास भी बढ़ता है और वे पढ़ाई के प्रति अधिक रुचि लेने लगते हैं।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया, जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक मो. इम्तियाज हुसैन, एमडीएम प्रखंड प्रभारी विक्की कुमार, प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र चौधरी, अजय कुमार, मोती पासवान, वेंकट साइंस कुमार, रेणु कुमारी, रुकमणी कुमारी, सरोज कुमारी, अफसरी बानो तथा सेविका चंचु कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# होर्मज मार्ग बंद होने से ऊर्जा संकट की आशंका, दुनिया में बढ़ी चिंता और अफवाहें

अमेरिका ईरान और इजरायल युद्ध के दृष्टिगत जहां विनाश के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऊर्जा के क्षेत्र में भी बड़ा हड़कम्प मचा हुआ दिखाई देता है। ईरान और खाड़ी देशों में जहां तेल और गैस का बड़ा उत्पादन होता है, वहां जारी युद्ध के कारण इन स्रोतों के हो रहे विनाश के कारण बड़ी क्षति हुई है। ईरान द्वारा होर्मज मार्ग को बंद करने से भी विश्व भर में हड़कम्प मच गया है। इन बेहद जरूरी स्रोतों के सिकुड़ जाने से इन वस्तुओं की कमी आना स्वाभाविक है। अलग अलग देशों में जहां तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि होने लगी है, वहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गैस की पूर्ति में भी कमी आई है। ज्यादातर देशों द्वारा इनकी कीमतों में वृद्धि कर दी गई है।

भारत में भी इसके प्रति बड़ी चिंता पाई जाने लगी है। ज्यादातर अफवाहें फैल रही हैं और ये यहां तक भी पहुंच गई हैं कि देश में लॉकडाउन लग सकता है। इन अफवाहों ने पहले से पैदा हुई चिंताओं में और भी वृद्धि कर दी है। पैट्रोल पम्पों पर भीड़ लगनी शुरू हो गई हैं। एकाएक ही इन वस्तुओं की खरीद में 4 गुना वृद्धि हो गई है। केन्द्र सरकार पिछले बहुत दिनों से इस संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट कर रही है। एक बार फिर पैट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि देश में तेल और पैट्रोलियम की कोई कमी नहीं है। किसी भी तरह से घबराने की बात नहीं है और फैलाई जाने वाली अफ़वाहों से सुचेत होने और बचने की जरूरत है। पैट्रोलियम मंत्रालय ने अब यह भी स्पष्ट किया है कि एल.पी.जी. के घरेलू उत्पादन में 40 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिससे उत्पादन 50,000 टन हो गया है। यह उत्पादन देश की जरूरत का 60 प्रतिशत हिस्सा है, जिस कारण इसका आयात जरूर कम होकर सिर्फ 30 हजार टन रह गया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि रूस और अन्य देशों से 8 लाख टन एल. पीजी. कार्गो पहले ही सुरक्षित कर लिए गए हैं। लोगों में एकाएक पैदा हुए हड़कम्प और चिंता के कारण पहले प्रतिदिन सिलेंडरों की मांग 89 लाख तक पहुंच गई थी, जो अब फिर 50 लाख सिलेंडरों पर आ गई है। सरकार ने स्पष्ट रूप में यह भी कहा है कि उसके पास 74 दिनों के कच्चे तेल और पैट्रोलियम पदार्थों के भंडारण की समर्था है। चाहे रुकावटें आ रही हैं परन्तु जरूरत के अनुसार आगामी 60 दिनों तक की पूर्ति कर ली गई है। इसके साथ ही केन्द्र ने राज्य सरकारों को यह निर्देश भी दिया है कि वह किसी भी स्थिति में ज़रूरी वस्तुओं की जमाखोरी या कालाबाजारी न होने दें और जो भी लोग अफवाह फैलाते हैं, उनके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

केन्द्र सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। उसके द्वारा पैट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी कम की गई है, जबकि डीजल पर एक्साइज ड्यूटी पूरी तरह खत्म कर दी गई है, इस घोषणा से पैदा हुआ हड़कम्प और घबराहट कम होगी। इस घोषणा के बाद पैट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी

# नूरसराय के महगुपुर गांव में कलश यात्रा के साथ अखंड कीर्तन का हुआ शुभारंभ



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड के महगुपुर गांव में शनिवार को भक्ति और आस्था का अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब कलश यात्रा के साथ अखंड कीर्तन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं और श्रद्धालु भक्ति गीतों तथा जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और गांव के लोग जगह-जगह खड़े होकर कलश यात्रा का स्वागत करते नजर आए।

यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत अखंड कीर्तन की शुरुआत हुई, जो निर्धारित समय तक लगातार चलता रहेगा। कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और नाम संकीर्तन में लीन होकर भगवान की आराधना कर रहे हैं।

आयोजकों ने बताया कि अखंड कीर्तन का उद्देश्य क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है। इस धार्मिक आयोजन से गांव में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है और लोग बड़ी श्रद्धा के साथ इसमें भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में गांव के लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजक कारू चौधरी और प्रहलाद कुमार ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नालंदा विश्वविद्यालय में गिरमिटिया विरासत पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मंथन का शुभारम्भ



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा विश्वविद्यालय ने आज से "गिरमिटिया पहचान का पुनर्स्मरण: अतीत, वर्तमान और भविष्य" विषय पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हाइब्रिड माध्यम से शुभारंभ किया। इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद (ARSP) तथा डायस्पोरा रिसर्च एंड रिसोर्स सेंटर द्वारा, विदेश मंत्रालय के सहयोग से, नालंदा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र का प्रारंभ ARSP के महासचिव श्याम परांडे के स्वागत वक्तव्य से हुआ, जिसमें उन्होंने गिरमिटिया विरासत से पुनः जुड़ने तथा भारतीय प्रवासी समुदाय पर वैश्विक शैक्षणिक संवाद को सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात ARSP के सचिव गोपाल अरोड़ा ने सम्मेलन की विषय-वस्तु प्रस्तुत करते हुए गिरमिटिया पहचान के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक आयामों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि, गुयाना गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम धरम कुमार सीराज ने गिरमिटिया श्रमिकों की विरासत और उनके वंशजों के समकालीन समाजों में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने गुयाना को विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण बताया।

मुख्य वक्ता के रूप में अजय दुबे, पूर्व रेक्टर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भारतीय प्रवासी समुदाय में नेतृत्व और विविधता पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गिरमिटिया वंशज आज वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं।

बिमान प्रसाद (ऑनलाइन), फिजी के पूर्व उप प्रधानमंत्री, ने गिरमिटिया समुदाय के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके इतिहास और पहचान पर निरंतर शैक्षणिक एवं संस्थागत समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया।

त्रिनिदाद और टोबैगो से चंद्रदत्त सिंह (ऑनलाइन) ने गिरमिटिया समुदाय के प्रति भारत की बदलती सहभागिता पर विचार साझा करते हुए सांस्कृतिक पुनर्संपर्क, संस्थागत सहयोग और विरासत संरक्षण के प्रयासों को रेखांकित किया।

प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित सरिता बूधू ने नालंदा विश्वविद्यालय के




पुनरुद्धार और उसके प्रतीकात्मक महत्व पर विचार रखते हुए इसे प्रवासन और पहचान के व्यापक विमर्श से जोड़ा।

ARSP के अध्यक्ष विनोद कुमार (ऑनलाइन) ने पीढ़ियों के बीच पहचान के प्रश्न पर विचार करते हुए पूर्वजों के त्याग और मूल्यों के हस्तांतरण को रेखांकित किया।


इस सत्र की अध्यक्षता नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति सचिन चतुर्वेदी ने की। उन्होंने गिरमिटिया इतिहास और पहचान पर गहन शोध की आवश्यकता पर बल देते हुए तकनीक के माध्यम से वंशावली संबंधों को पुनर्स्थापित करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

यह सम्मेलन विश्वभर में फैले गिरमिटिया समुदाय के ऐतिहासिक विकास, बदलती पहचान और भविष्य की दिशाओं पर विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इसमें विद्वान, राजनयिक, नीति-निर्माता एवं सामुदायिक प्रतिनिधि सहभागी हो रहे हैं।

सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न विषयगत सत्रों के माध्यम से गिरमिटिया इतिहास, पहचान, सांस्कृतिक निरंतरता और समकालीन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा जारी रहेगी।

### वैश्विक स्तर पर मौजूद पर्यावरण संकट पर एक विशेष प्रस्तुति -

# विश्व में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या : पर्यावरणीय दृष्टिकोण से समीक्षात्मक मूल्यांकन




नवीनतम जानकारी ( जनरल नेचर ) के अनुसार विश्व में पेड़ों की संख्या 3.04 ट्रिलियन यानी 30. 4 लाख करोड़ है । यह अनुमान उपगृह चित्रों और जमीनी सर्वेक्षण के संयोजन के आधार पर की गई है । वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या 422 आंकी गई है । यदि हम अपने देश भारत की बात करें , तब यहां 35 - 36 अरब ( 358 करोड़ ) पेड़ हैं और ग्लोबल रैंकिंग में भारत 17 वें स्थान पर है , किंतु यहां प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या मात्र 28 है । यह अनुपात बेहद कम और चिंताजनक है , जबकि अमरीका में 699 और कनाडा में 10,163 ( सर्वाधिक ) प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या है । हर साल 15. 3 बिलियन ( 1,503 करोड़ ) पेड़ काटे जा रहे हैं । यही नहीं , केवल 5 बिलियन नए पेड़ ही उग पाते हैं । यह आंकड़ा चौंकाने वाला है और आज वैश्विक स्तर पर मौजूद पर्यावरण संकट की दौर में काफी चिंताजनक है । प्राप्त डाटा के अनुसार प्रति व्यक्ति लगभग 2 पेड़ कम हो रहें हैं । आधुनिकरण और शहरीकरण के नाम पर पेड़ों और वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण अब पृथ्वी पर पेड़ों की संख्या घटकर 46 प्रतिशत ही रह गई है , जो हमें खतरे का संकेत देती है । भारत जैसे घनी आबादी वाले देश के लिए प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या 28 का होना एक गंभीर चिंता का विषय है ।

किसी भी देश में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या उसके भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है , यह बात ठीक है , परंतु मेरा मानना है कि हम आधुनिकरण और शहरीकरण की माया मोह के जाल में फसकर पेड़ों और वनों की जो कटाई कर रहे हैं , उससे उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव भी कम जिम्मेवार नहीं है । हम भूल चुके हैं कि हमारे जीने का आधार पेड़ पौधे ही हैं । क्या पेड़ पौधों के बिना हम जीने की कल्पना भी कर सकते हैं ? बिलकुल नहीं । हमारे जीने का आधार पेड़ वायु को स्वच्छ रखते हैं , पानी को छानते हैं और कटाव एवं बाढ़ से सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । बात यहीं तक सीमित नहीं रह जाती है , बल्कि हमारे पेड़ गर्म होती जलवायु को रोकने के लिए कार्बन स्टोर करने का अति महत्वपूर्ण कार्य करते हैं । अगर हम अपने प्राचीन शास्त्रों की गहराइयों में झांक कर देखें , तब हमें ज्ञात होगा कि हम पर्यावरण के प्रति कितने संवेदनशील और जागरूक थे । हम विकास के पक्षधर हैं , किंतु पर्यावरण और प्रकृति से छेड़ छाड़ की कीमत पर कदापि नहीं । अगर पेड़ों की कटाई अपरिहार्य है , तब वैसी स्थिति में पर्यावरण मानकों का सखती से पालना किए जाने की नितांत आवश्यकता है । यहां महान इकोलॉजिस्ट दिवंगत डॉ. माधव डी गाडगिल के विचारों का उल्लेख अति आवश्यक हो जाता है । उनका स्पष्ट मानना था कि लोगों में यह भ्रम है कि पर्यावरण संरक्षण और विकास एक साथ नहीं हो सकते हैं । वर्तमान परिस्थिति में डॉ. माधव डी गाडगिल साहब के विचारों को अपनाने की जरूरत है । आज वैश्विक स्तर पर मौजूद पर्यावरण संकट की जो दंश मानव झेल रहा है , उस पर गहन चिंतन करने की घोर आवश्यकता है । एक पर्यावरणविद् होने के नाते मैं जब अपनी पूरी टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करता हूं , तब मैने पाया है कि अभी भी आम लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरण का आभाव है । इसके लिए युद्ध स्तर पर आम लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरण पैदा करना होगा और पेड़ काटे जाने पर उत्पन्न प्रतिकूल स्थितियों के बारे में जानकारी देनी होगी । भारत में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तीव्र गति से प्रयास किए जा रहे हैं , किंतु मेरा मानना है कि केवल सरकारी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से सफलता नहीं मिलेगी । आम लोगों की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी , तभी भारत में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या में वृद्धि होगी और पर्यावरण संकट से मुक्ति मिल पाएगी । ग्लोबल वार्मिंग और ग्रीन हाउस इफेक्ट को न्यून करने का हर संभव प्रयास करना होगा । नदियों की पवित्रता को पुनः वापस लाना होगा । जैव विविधता को कायम रखने के लिए जी तोड़ प्रयास करने होंगे । जैवविविधता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुराने वृक्षों को संरक्षित कर उन्हें विरासत वृक्ष घोषित करना होगा । बिहार में 32 पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है , यह स्वागत योग्य कदम है । पूरे देश में जैव विविधता को कायम रखने वाले पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित कर उन्हें संरक्षित किए जाने का अब समय आ गया है ।हम जानते हैं कि पारिस्थितिकी तंत्र में प्रत्येक जीव की मौजूदगी आवश्यक है , ताकि फूड चेन और फूड वेब कायम रह सकें। यदि कोई जीव मानव जनित गतिविधियों से विलुप्त हो जाता है , तब इसका सीधा असर पर्यावरण संतुलन पर पड़ता है । गिद्ध का लगभग विलुप्त होना इसका ताज़ा उदाहरण है । पटना और अन्य शहरों में मानव जीवन के वरदान गौरैया की संख्या में लगातार कमी और विलुप्ति की ओर अग्रसर दूसरा उदाहरण है । पवित्र गंगा नदी में डॉल्फिन की संख्या में निरंतर कमी को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं । शहरों में प्रदूषण के कारण शायद ही वायु गुणवत्ता सूचकांग सामान्य रहता है । इसके लिए कौन जिम्मेवार है ? निश्चित रूप से मानव गतिविधियों के कारण ही ऐसी विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई है । हमें हर हाल में भारत को स्वच्छ , सुंदर , हरा भरा और सभी प्रकार के प्रदूषणों से मुक्त करना होगा , तभी हम पर्यावरण संकट से निजात पा सकते हैं और युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण कर प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या में वृद्धि कर सकते हैं । वनीकरण ( Afforestation ) से हम आज वैश्विक स्तर पर मौजूद जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न कुप्रभावों से निपट सकते हैं । यहां उल्लेखनीय है कि केवल पेड़ लगाकर उसे भाग्य भरोसे छोड़ देने से हम कदापि सफल नहीं हो सकते हैं । वृक्षारोपण के बाद उस पेड़ की तब तक एक परिवार की तरह समुचित देखभाल करनी होगी , जब तक वह पेड़ बड़ा होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करने के लायक नहीं हो जाए ।

सौजन्य : गूगल से प्राप्त आंकड़ा के आधार पर आलेख । मैं गूगल से प्राप्त आंकड़ा और उसके फेयर यूज के लिए गूगल और संबंधित महानुभावों के प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

पुनः मैं अपने सहयोगी डॉ. नंदीपति तिवारी , समन्वयक , जंतु शास्त्र विभाग , नालंदा खुला विश्वविद्यालय , नालंदा के प्रति भी आभार प्रकट किए बिना नहीं रह सकता हूं , जिन्होंने इस आलेख को जन जागरण और राष्ट्र हित में लिखने के लिए मुझे प्रेरित किया और मेरे मनोबल को बढ़ाया ।

**आलेख: डॉ. श्याम नंदन प्रसाद , Ph. D. ( PLANT ECOLOGY )**
**पर्यावरणविद् , पटना , बिहार , इंडिया**
**6201190712**

# जहानाबाद जिला परिषद में बड़ा राजनीतिक उलटफेर, अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित






अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शनिवार को जहानाबाद जिला परिषद में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। जिला पदाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी जहानाबाद श्रीमती अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी एवं उपाध्यक्ष संगीता देवी के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया, जिसमें अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया, जबकि उपाध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया गया।

जिला पदाधिकारी की देखरेख में 28 मार्च 2026 को पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान जिला परिषद के कुल 13 सदस्यों में से 11 सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सबसे पहले जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। इस मतदान में सभी 11 सदस्यों ने भाग लिया। सभी मत वैध पाए गए और सभी 11 मत अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े। इस प्रकार पूर्ण बहुमत के साथ अध्यक्ष रानी कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

इसके बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष संगीता देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। इस मतदान में भी 11 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें एक मत अवैध घोषित किया गया जबकि 10 मत वैध पाए गए। वैध मतों में से 9 मत अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में तथा केवल 1 मत प्रस्ताव के पक्ष में पड़ा। परिणामस्वरूप उपाध्यक्ष संगीता देवी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया गया।इस पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला पदाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. प्रीति, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजीत कुमार तथा संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला परिषद के विभिन्न क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्य मौजूद थे, जिनमें आभा रानी, सुशीला देवी, अभिषेक रंजन, मिन्तु देवी, अजित मिस्त्री, सुधीर चौधरी, संगीता देवी, रेणु कुमारी, शांति देवी और अजय सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल थे। इस निर्णय के बाद जिला परिषद की राजनीति में नया समीकरण बनने की संभावना जताई जा रही है।

# इमली बीघा गांव में अखंड कीर्तन को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड क्षेत्र के सुपासंग पंचायत अंतर्गत इमली बीघा गांव में रामनवमी के पावन अवसर पर श्री श्री 108 अखंड कीर्तन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में भक्ति का माहौल बना हुआ है। बजरंगबली स्थान परिसर में अखंड कीर्तन के लिए भव्य मंडप का निर्माण किया गया है और पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

अखंड कीर्तन के एक दिन पूर्व शनिवार को 151 महिला श्रद्धालुओं और कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बख्तियारपुर के गयासपुर गंगा घाट से लाए गए गंगाजल के साथ प्रारंभ हुई। गंगाजल को पहले धमौली डीह स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर में रखा गया, जहां पंडितों ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर कलश में जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते धमौली बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः बजरंगबली स्थान पहुंचीं, जहां विधिवत कलश की स्थापना की गई।

पंडित शास्त्री जी ने बताया कि जहां अखंड कीर्तन का आयोजन होता है, वहां का वातावरण शुद्ध और पवित्र हो जाता है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रविवार सुबह से 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ होगा, जबकि सोमवार को पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर पुजारी रमेश कुमार, प्रेम कुमार तथा कार्यकर्ताओं में यदुनंदन पासवान, अशोक यादव, शैलेश कुमार, बुंदेला पासवान उर्फ टेनी जी, बिरजू यादव, अरुण, सुबोधन, केदार, अरविंद, शंकर, शोषण, करवेंदर, अजय, अमित, नीतीश, बबलू, आकाश, पुष्पराज समेत सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। गांव की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# बेन में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंजा क्षेत्र



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। रामनवमी के पावन अवसर पर बेन प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और "जय श्रीराम" के नारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए पूरे मार्ग पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनाते रहे।शोभायात्रा का आयोजन राजीव कुमार उर्फ गांधी की अध्यक्षता में किया गया, जबकि कार्यक्रम के संयोजक के रूप में विकी कुमार और मुकेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ता निवास कुमार, धीरज कुमार, प्रदुमन कुमार, बली महतो, विनोद वर्मा, रोशन कुमार, पवन कुमार और गणेश कुमार सहित कई युवाओं ने सक्रिय सहयोग दिया।यह शोभायात्रा पंकज पोखर स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप से प्रारंभ हुई। श्रद्धालु धार्मिक झंडे और जयकारों के साथ गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पूरे क्षेत्र की परिक्रमा करते रहे। मार्ग के कई स्थानों पर लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया।शोभायात्रा का समापन पुनः बजरंगबली मंदिर परिसर में हुआ, जहां आरती और मंगलाचार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना अध्यक्ष रविराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की गई थी। पुलिस की सतर्कता और प्रशासनिक व्यवस्था की ग्रामीणों ने सराहना की।इस अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया।

# अहियापुर गांव में भीषण आगलगी, छोटे मिस्त्री का घर और सामान जलकर राख



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के नादियौना पंचायत के अहियापुर गांव में शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे अचानक आग लगने से एक गरीब परिवार का घर जलकर राख हो गया। इस हादसे में घर में रखा सारा सामान नष्ट हो गया।

पीड़ित छोटे मिस्त्री ने बताया कि उनके बच्चे बाहर रहते हैं और घर में केवल वह और उनकी पत्नी ही रहते हैं। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे दोनों घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान अचानक उनके घर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में रखा कपड़ा, अनाज, खाने-पीने का सामान सहित अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो गईं। इतना ही नहीं, घर में बंधी एक बकरी भी आग की चपेट में आकर जलकर मर गई।

घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस आगलगी से पीड़ित परिवार के सामने भोजन और जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 2026 की व्यापक तैयारियां; सहभागिता प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षणों में शामिल



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा विश्वविद्यालय अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह (समावर्तन समारोह) 2026 की तैयारियों में व्यापक स्तर पर जुटा हुआ है, जिसमें भारत की राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी।आगामी दीक्षांत समारोह के प्रमुख आकर्षणों में 'सहभागिता संवाद' पहल के अंतर्गत संकल्पित और संयोजित 'सहभागिता प्रदर्शनी' विशेष रूप से उल्लेखनीय होगी। विश्वविद्यालय की संवाद, समावेशिता और सहभागी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती यह प्रदर्शनी विभिन्न विषयगत स्टॉलों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देगी।इन सुविचारित प्रदर्शनों के जरिए, यह प्रदर्शनी नालंदा विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के साथ उसके गहरे और जीवंत जुड़ाव को रेखांकित करेगी, जिसमें महिलाओं, किसानों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय के अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई सहभागिता' पहल लगातार कौशल विकास कार्यक्रम चला रही है, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बना रही है और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर लागू करने पर काम कर रही है, जिससे जमीनी स्तर पर सबको साथ लेकर विकास को बढ़ावा मिल रहा है।प्रदर्शनी में हस्तनिर्मित उत्पादों, आजीविका में हुए सकारात्मक परिवर्तनों के दृश्य दस्तावेजों और संकाय तथा विद्यार्थियों के शोध निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नालंदा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आसपास के गांवों के सांस्कृतिक मानचित्रण पर अपने उस कार्य का प्रस्तुतीकरण करेंगे, जिसे व्यापक सराहना और महत्वपूर्ण पहचान मिली है। यह कार्य क्षेत्र की समृद्ध विरासत को प्रभावी ढंग से उभारते हुए नालंदा की सभ्यतागत महत्ता को वैश्विक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में सुदृढ़ रूप से स्थापित करने में योगदान दे रहा है। विद्यार्थी पारंपरिक 'अहर-पाइन' जल प्रबंधन प्रणाली का भी प्रस्तुतीकरण करेंगे, जिसने विश्वविद्यालय के नेट-जीरो परिसर में सतत जल संरक्षण की अवधारणा को प्रेरित किया है। साथ ही, यह चयनित समुदाय प्रतिनिधियों को राष्ट्रपति के साथ संवाद का एक विशिष्ट अवसर भी प्रदान करेगी।

विश्वविद्यालय परिसर में, आयोजन से सम्बंधित, सिविल और सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही, जिला प्रशासन के साथ समन्वय में नियमित सुरक्षा समीक्षा बैठकों के माध्यम से कार्यक्रम की सुचारु एवं गरिमामय व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार सिंह केंद्रीय संचार ब्यूरो की पीएसी में नामित

पटना (अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार तथा 'दैनिक जागृति टाइम्स' के संपादक मनोज कुमार सिंह को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) की पैनल सलाहकार समिति (पीएसी) का सदस्य नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति से बिहार के पत्रकारिता जगत में प्रसन्नता की लहर है और इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

करीब तीन दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय मनोज कुमार सिंह एक प्रखर और अनुभवी पत्रकार के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने पटना से प्रकाशित 'दैनिक सन्मार्ग' सहित कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में संपादक के रूप में कार्य करते हुए पत्रकारिता को नई दिशा देने का कार्य किया है। वर्तमान में वे 'दैनिक जागृति टाइम्स' के संपादक के रूप में जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं।भारत सरकार की अवर सचिव गीता मोहन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकारी विज्ञापन प्राप्त करने के लिए प्रकाशनों को पैनल में शामिल किए जाने और उनके आवेदनों पर विचार करने हेतु एक पैनल सलाहकार समिति



का गठन किया गया है। इस समिति में बड़े, मध्यम और छोटे श्रेणी के समाचार पत्रों से गैर-सरकारी सदस्यों को भी शामिल किया गया है, ताकि प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बन सके।

इस पैनल सलाहकार समिति में मनोज कुमार सिंह के अलावा 'दैनिक जागरण' के आशुतोष झा और जनम ग्रुप के प्रदीप पिल्लई को भी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। पत्रकारिता जगत के लोगों ने मनोज कुमार सिंह को मिली इस जिम्मेदारी को उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता, अनुभव और उत्कृष्ट योगदान का सम्मान बताया है।

# राजगीर में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं की सेवा की

राजगीर (अपना नालंदा)। अंतरराष्ट्रीय पर्यटक नगरी राजगीर में रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को भव्य एवं विराट शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे शहर में धार्मिक आस्था तथा भक्ति का वातावरण बना रहा। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाए गए, जहां शोभायात्रा में शामिल लोगों को पानी, शरबत, चाय, दूध, लस्सी और विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण किया गया।

शोभायात्रा के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु भगवान श्रीराम की झांकी और ध्वज के साथ भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भी उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई।

इस अवसर पर जीवन संगिनी क्रिएशन की प्रोपराइटर एवं समाजसेवी अंतरा साव ने भी सेवा कार्य में सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच पेयजल और अन्य सामग्री



का वितरण करते हुए कहा कि रामनवमी का यह पावन पर्व हमें सेवा, त्याग और भक्ति का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भाव की भावना मजबूत होती है।

वहीं नगर परिषद राजगीर की पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी सह जागरूकता अभियान की सचिव समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने भी सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह शोभायात्रा राजगीर की सांस्कृतिक परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

शोभायात्रा का आयोजन श्री रामनवमी विराट शोभायात्रा समिति के द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल हुए।

# पतासिया गांव में अखंड कीर्तन के लिए निकली भव्य कलश शोभायात्रा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के पतासिया गांव में शनिवार को अखंड कीर्तन के आयोजन को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे और बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान पूरा गांव भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा।

कलश यात्रा ढोल-नगाड़े और बाजे के साथ पूरे गांव में निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश लेकर श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रही थीं, जबकि पुरुष और बच्चे भी जयकारों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान जय श्रीराम और धार्मिक भजनों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समाजसेवी मंटु चौहान ने बताया कि पतासिया गांव में 48 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया गया है। इस दौरान श्रद्धालु लगातार भजन-कीर्तन कर भगवान की आराधना करेंगे। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन से गांव में खुशियों का माहौल है और सभी भक्त भक्ति भाव में लीन होकर कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी डॉ. रामजतन प्रसाद, हरनौत के पूर्व विधायक प्रत्याशी अरुण कुमार बिंद, मोहन पासवान, भोला ठाकुर, शिवलाल पंडित, बिरजे बिंद, समाजसेवी रामबली प्रसाद बिंद, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि रंजीत चौहान, हरनौत पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि अशोक चौहान, डॉ. शैलेंद्र कुमार और सुग्रीव पासवान सहित समस्त ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही।

ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन से गांव में आपसी एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक वातावरण मजबूत होता है।

# नेहुसा बिगहा में 151 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा, शुरू होगा अखंड कीर्तन

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के नेहुसा बिगहा स्थित देवी स्थान मंदिर परिसर में शनिवार को अखंड कीर्तन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर नजर आया।

ग्रामीण जितेंद्र कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड कीर्तन के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। कलश यात्रा में 151 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बख्तियारपुर प्रखंड के ग्यासपुर स्थित गंगाजी घाट से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर जुलूस के रूप में गांव पहुंचे, जहां देवी स्थान मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की गई।

कलश यात्रा के दौरान घोड़ा और बैंड-बाजा आकर्षण का केंद्र बने रहे। श्रद्धालु जय श्रीराम और अन्य धार्मिक नारों के साथ भक्तिगीत गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। पूरे मार्ग में



श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

मंदिर परिसर पहुंचने के बाद विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत 48 घंटे तक चलने वाले अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु लगातार भजन-कीर्तन कर भगवान की आराधना करेंगे।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सत्येन्द्र यादव, शिवालक यादव, कांति देवी, धर्मेन्द्र सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से गांव में आध्यात्मिक वातावरण बनता है और लोगों के बीच एकता एवं भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

# रतनपुरा के पास स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर-पटना मुख्य सड़क मार्ग पर रतनपुरा गांव के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

घायल युवक की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के इचहोस तकिया गांव निवासी चंद्रिका जमादार के पुत्र नारायण कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि नारायण कुमार तेल्हाड़ा से बाइक से अपने गांव इचहोस तकिया लौट रहे थे। इसी दौरान रतनपुरा गांव के पास इस्लामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस्लामपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी चिंताजनक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने*
*ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251